समापन

माता रानी के जयकारों से गूंजा मंडला, भक्तिरस में डूबा नगर, उत्साह और आस्था के साथ गरबा महोत्सव का हुआ समापन

# कला रात्रि गरबा महोत्सव में मां भवानी के चरणों में थिरका पूरा नगर

## रंग-बिरंगे परिधानों में थिरके सैकड़ों श्रद्धालु, छत्तीसगढ़ डीजे यम की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं में भरा नया जोश








**मंडला 1 अक्टूबर नभाप्र ।** नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित कला रात्रि गरबा महोत्सव का समापन बुधवार की रात भक्ति, उत्साह और आस्था के एक अद्भुत संगम के साथ हुआ। शाम से ही लगातार झमाझम बारिश के चलते आयोजन स्थल को बदलना पड़ा और कार्यक्रम को गरबा ग्राउंड की जगह हाल में संपन्न कराया गया। इसके बाद पुन: कार्यक्रम को गरबा ग्राउंड में शिफ्ट करवा लिया गया । इसके बावजूद पूरा नगर देर रात तक मां दुर्गा के जयकारों से गूंजता रहा, जहाँ हाल का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया था।

रंगों और रोशनी से सजा स्टेज मां दुर्गा की सामूहिक आरती के साथ दीपों की लौ जली, पूरा परिसर आस्था की ज्योति से आलोकित हो उठा। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्तिभाव से हाथ जोड़कर माँ की वंदना में लीन हो गए, मानो पूरा नगर एक साथ जागरण कर रहा हो ।कला रात्रि गरबा महोत्सव के समापन अवसर पर मीडिया पार्टनर नवभारत, आयोजक मंडल के सदस्यों, कोरियोग्राफर अन्य गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों की उपस्थिति ने प्रतिभागियों के बीच उत्साह को और भी बढ़ा दिया ।छत्तीसगढ़ डीजे यम ने दी शानदार प्रस्तुतिकला रात्रि गरबा महोत्सव के अवसर पर आयोजित इस भव्य आयोजन में रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों से सजे सैकड़ों श्रद्धालु देर रात तक गरबे की थाप पर झूमते रहे। उनकी आंखों में आस्था की गहराई और मन में माँ भवानी के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट झलक रही थी। ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ छत्तीसगढ़ डीजे यम की ऊर्जावान प्रस्तुति ने आयोजन को एक नया आयाम दिया ।माँ भवानी की भक्ति में डूबे भक्तहाल में जैसे-जैसे लय और ताल तेज होती गई, वैसे-वैसे श्रद्धालु माँ भवानी की भक्ति में डूब कर सरस्वती वंदना और पारंपरिक गीतों पर थिरकते देखे



गए। बाहर बारिश के मौसम और खुले आसमान के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में तनिक भी कमी नहीं आई। उनका मनोबल इतना प्रबल था कि हर कोई ऐसा अनुभव कर रहा था मानो वह सीधे माँ शक्ति के चरणों में नृत्य कर रहा हो। नवरात्रि महोत्सव का यह अंतिम क्षण मंडला वासियों



नैनपुर में मां अर्धनारीश्वर की हुई महाआरती

की स्मृतियों में लंबे समय तक संजोया जाएगा। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि नगरवासियों की एकजुटता, भक्ति और संस्कृति का एक विराट प्रतीक बनकर सामने आया है।






## बाघ के दीदार के साथ शुरू हुई कान्हा में सफारी, पार्क में लौटी रौनक

### पहले दिन 96 वाहनों से 469 पर्यटकों ने किया प्रवेश

**मंडला 1 अक्टूबर नभाप्र.** कान्हा नेशनल पार्क पर्यटकों के लिए खुल गए है, अब पर्यटक वन्यप्राणियों के दीदार कर सकेंगे। तीन माह के विराम में पर्यटको को वनराज के दीदार नही हो सके। अब पर्यटकों का इंतजार खत्म हुआ और 01 अक्टूबर से कान्हा नेशनल पार्क में सफारी शुरू हो गई। पार्क शुरू होने के पहले दिन ही कान्हा पार्क में 96 वाहनों में 469 पर्यटकों को पार्क का भ्रमण कराया। कान्हा नेशनल पार्क के सभी कोर जोन एवं बफर जोन में पर्यटन शुरू हुआ। जहां पहले दिन पर्यटकों ने भ्रमण किया।

जानकारी अनुसार कान्हा नेशनल पार्क के प्रथम दिन कोर जोन में कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके और मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, क्षेत्र संचालक, उप संचालक, कोर उप संचालक, बफर पार्क अधीक्षक, सहायक



संचालक मलाजखंड ने हरी झंडी दिखाकर पयर्टन वाहनों को सफारी के लिए रवाना किया। पार्क भ्रमण से पहले कैबिनेट मंत्री और मंडला सांसद ने सुबह पारंपरिक रूप से विधिवत पूजन कर पार्क के गेट पर्यटकों के लिए खोले। कान्हा के गेट खुलने के इंतजार में बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी और पर्यटक कान्हा पार्क पहुंचे। तीन माह के लंबे अंतराल के बाद प्रथम दिन 01 अक्टूबर को 96 वाहनों ने पार्क में प्रवेश किया।

## अनियंत्रित हुई बाईक, युवक घायल, नारायणगंज कुड़ामैली पुल के पास हुआ हादसा

परिजन को जबलपुर छोड़कर लौट रहा था नारायणगंज

**मंडला 1 अक्टूबर नभाप्र.** नारायणगंज में कुड़ामैली पुल के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। युवक अपने परिवार को जबलपुर छोड़कर वापस अपने गृहग्राम लौट रहा था, इसी दौरान अचानक उसकी बाइक कुड़ामैली पुल के पास अनियंत्रित होकर फिसल गई और युवक घायल हो गया। युवक को सिर, हाथ और पैर में



चोटे आई है। स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस को सूचना दी गई, जिसके बाद घायल युवक को नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपचार के लिए ले जाया गया।

जानकारी अनुसार घायल युवक की पहचान जितेंद्र मरावी 23 वर्ष पुत्र दरबारी मरावी निवासी बीजेगांव पोतला, नारायणगंज के रूप में हुई है। बताया गया कि जितेंद्र मरावी अपने परिजनों को जबलपुर छोड़ने के बाद वापस अपने गृह ग्राम बीजेगांव पोतला के लिए लौट रहे थे। वापस लौटते समय नारायणगंज कुड़ामैली पुल के समीप उसकी बाइक अचानक सड़क पर अनियंत्रित हो गई और फिसल गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

हादसे के तुरंत बाद घटना स्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जागरूक नागरिकों ने तत्काल बिना देरी किए 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस की टीम तुरंत मौके पर पहुँची और घायल युवक जितेंद्र मरावी को तुरंत उपचार के लिए नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। यहां चिकित्सक ने घायल युवक का तत्काल उपचार किया। हालाकि घायल युवक की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। युवक जितेन्द्र के सिर, हाथ और पैर में चोट आई है।

## नवयुवक दुर्गोत्सव समिति की डरावनी गुफा बनी आकर्षण का केंद्र

### रहस्यमयी गुफा 2 अक्टूबर दशहरा तक रहेगी खुली, 3 को निकलेगा चल समारोह



**नारायणगंज 1 अक्टूबर नभाप्र.** नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर नवयुवक दुर्गोत्सव समिति पड़रिया द्वारा बनाई गई एक अनोखी और डरावनी गुफा भक्तों और दर्शकों के लिए इस



वर्ष विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। समिति की इस रचनात्मक पहल ने पड़रिया क्षेत्र के दुर्गोत्सव को खास चर्चा का विषय बना दिया है। गुफा की रहस्यमयी बनावट और डरावना माहौल लोगों में लगातार उत्सुकता बढ़ा रहा है। प्रतिदिन शाम 7 बजे से लेकर अर्धरात्रि तक भारी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण इस रोमांचक अनुभव को लेने पहुँच रहे हैं।

### बच्चों में डर, बड़ों में उत्साह

गुफा का वातावरण इतना डरावना है कि लोग खासकर कमजोर दिल वाले और छोटे बच्चे अंदर जाने से घबराते हैं। यह देखा जा रहा है कि कई बच्चे तो डर के कारण रोते हुए भी बाहर निकल रहे हैं। बावजूद इसके क्षेत्रवासियों में इस अनोखी गुफा को देखने का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे यहाँ रात में भी मेले जैसा माहौल बना हुआ है। दुर्गोत्सव समिति ने बताया कि यह डरावनी गुफा आगामी दो दिन और 2 अक्टूबर दशहरा तक खुली रहेगी। इसके बाद 3 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से माँ दुर्गा की भव्य शोभायात्रा चल समारोह का आयोजन किया जाएगा, जो हनुमान घाट पड़रिया में जाकर संपन्न होगा।

## पंडाल के पाईप को सुधारते समय युवक को लगा करंट, डायल 112 के कर्मी ने पहुंचाया अस्पताल

**मंडला 1 अक्टूबर नभाप्र.** जिले के विकासखंड नारायणगंज के चुटका मार्ग में बसा ग्राम देवगांव रेयत में पहाड़ी स्थित मढ़िया के पंडाल का पाईप सुधारने के दौरान लोहे का पाईप बड़ी विद्युत लाईन में चट हो गया जिसके कारण युवक को करंट लग गया। करंट लगने से युवक घायल होकर बेहोश हो गया। तत्काल इसकी सूचना 112 डायल को दी गई। जानकारी मिलते ही तत्काल 112 डायल के कर्मी मौके पर पहुंचे और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज लेकर आए। जहां युवक का उपचार किया जा रहा है। जानकारी अनुसार घायल युवक की पहचान विनोद कुमार परते 35 वर्ष पिता डमारी लाल



परते, निवासी देवगांव रैयत थाना टिकरिया के रूप में हुई है। घटना तब हुई जब पंडाल निर्माण के दौरान लोहे का पाइप दुर्घटनावश बड़ी बिजली लाइन से छू गया। पाइप को छूने के कारण विनोद परते को जोरदार बिजली का झटका लगा, जिससे वह वहीं गिर गया। इस हादसे की सूचना तत्काल 112 डायल को दी गई।

हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम बिना देर किए मौके पर पहुंची। डायल 112 के स्टाफ रामरतन मसकरे, सुरेंद्र ठाकुर और पायलेट भूपेंद्र लोधी ने तुरंत घायल विनोद परते को उठाया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज पहुंचाया। जहां चिकित्सक द्वारा घायल युवक का उपचार किया जा रहा है और उसकी स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।

## अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर पर चढ़ा, निवास एसबीआई के सामने हादसा


**मंडला 1 अक्टूबर नभाप्र.** बरेला-निवास मार्ग पर मंगलवार की देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। निवास नगर में भारतीय स्टेट बैंक के ठीक सामने एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर के ऊपर चढ़ गया। जानकारी अनुसार ट्रक देर रात्रि शहपुरा की ओर से जबलपुर की तरफ जा रहा था। तेज गति के कारण या किसी अन्य वजह से



चालक ट्रक पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके कारण ट्रक डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में ट्रक का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि ट्रक चालक को सिर्फ मामूली चोटें ही आईं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। दुर्घटना के चलते मार्ग पर कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा।



आस्तिक चौक घुघरी में विराजी मां दुर्गा



न्यू मार्केट घुघरी में विराजी मां काली




बाजार वार्ड घुघरी में विराजी मां दुर्गा



बस स्टैंड घुघरी मां दुर्गा



भड़ंगा टोला




सिंह वाहिनी मंच



इंद्रा कालोनी



बेयर हाउस बिछिया



रेस्ट हाउस रोड



ब्लाक रोड बिछिया



जतीपुर दुर्गोत्सव मंच











शारदेय नवरात्र

सभी तैयारियां पूर्ण, दशहरा को नीलकंठ के दर्शन करना होता है शुभ

# असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा आज

**मंडला 1 अक्टूबर नभाप्र.** सत्य का असत्य और अच्छाइयों का बुराइयों पर विजय प्राप्त करने का पर्व दशहरा आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी को मनाया जाता है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने सत्य के मार्ग पर चलते हुए मानव कल्याण के कई आदर्श स्थापित किये थे, उनका अनुपालन खुद करने के साथ ही हम लोगों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया था। शारदेय नवरात्र के दशवें दिन यानि आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी को देशभर में दशहरे का पर्व मनाया जाता है। देवी पंडालों व सिद्धपीठों में भक्त पूजा अर्चना करने पहुंच रहे है। सुबह से देवी भक्तों का मंदिरों में जल चढ़ाने का क्रम नवमीं के दिन भी चलता रहा। जैसे जैसे दिन बढ़ता गया। भक्तों की कतारें मंदिरों में बढ़ने लगी। सुबह से देर देर शाम तक देवी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिये भक्तों की कतार लगी रही। नवमी के दिन भी अधिकत्तर दुर्गा पंडालों, घरों कन्या भोजन कराया गया। दुर्गा पंडालों में दर्शन को भक्त उमड़ रहे हैं। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग पंडालों में देवीदर्शन के साथ माता के जस, आरती कर रहे हैं। आकर्षक विद्युत साज सज्जा के साथ सजे पंडालों व मॉ दुर्गा के दर्शन कर रहे हैं। चल समारोह के लिए एहतियातन शहर के प्रमुख स्थलों में, घाटों में, सड़कों में पुलिस जवान तैनात रहेंगें. जिससे कोई अप्रिय घटना ना हो सके। वहीं मूर्ति विसर्जन के लिये आने वाले भक्तों पर भी नजर रखेंगे।

### दशहरा में गंगा स्नान करना अति लाभदायक

दशहरा के दिन यदि किसी को नीलकंठ पक्षी दिख जाए तो काफी शुभ होता है। कहा जाता है कि नीलकंठ भगवान शिव का प्रतीक है, जिनके दर्शन से सौभाग्य और पुण्य की प्राप्ति होती है। दशहरे के दिन गंगा स्नान करने को भी बहुत महत्वपूर्ण बताया गया है। कहा जाता है कि दशहरे के दिन गंगा स्नान करने का फल कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए दशहरे के दिन लोग गंगा या अपने पास किसी की नदी में स्नान करने जाते हैं।

### विसर्जन कुण्ड में होगा प्रतिमाओं का विसर्जन

वर्षो से मूर्तियों का विसर्जन नर्मदा घाटों में चल समारोह के बाद होता रहा है, लेकिन विगत वर्षो से मूर्तियों का विसर्जन नगर के नाव घाट, सिंहवाहिनी वार्ड, संगम घाट में नगरपालिका के द्वारा बनाए गए विसर्जन कुण्ड में किया जाता आ रहा है और कुछ दुर्गोत्सव समितियों द्वारा मूर्तियों का विसर्जन कुण्ड में ना करके मुख्यालय से दूर नर्मदा नदी में करते है। प्रशासन ने सभी दुर्गोत्सव समितियों को निर्देश दिये है कि मूर्ति विसर्जन के लिये बनाए गए कुण्ड में ही विसर्जन करें।

**न्यायालय तहसीलदार नैनपुर**
**जिला मण्डला (म.प्र.)**
**आम-इश्तहार**

क्रमांक/प्रवा./तह./2025/36
नैनपुर, दिनांक :- 01/10/2025
मा.क्रं. 0002 (ब-117) 2025-2026

एतद द्वारा आम जनता ग्राम नैनपुर प.ह.नं. 33 राजस्व निरीक्षक मंडल नैनपुर तहसील नैनपुर जिला मण्डला को इस इश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि ग्रामवासी ग्राम नैनपुर प.ह.नं. 33 तहसील नैनपुर जिला मण्डला के शोध क्षमता प्रमाण पत्र हेतु आवेदक जसविंदर पति अजित सिंह द्वारा स्वंम के पुत्र वधु के लिऐ 2500000 रूपय का शोध क्षमता प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के बाद प्राप्त होने वाले दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/10/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

पेशी :- 08/10/2025

तहसीलदार
नैनपुर

